## खबर संक्षेप

### आज मनाया जायेगा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**मण्डला।** 1 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार कक्ष में किया जायेगा। प्रातः 11 बजे प्रदर्शनी का अवलोकन, 11:05 बजे दीप प्रज्ज्वलन, 11:10 बजे मध्यप्रदेश गान, 11:15 बजे स्वागत, 11:20 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11:40 बजे उदबोधन, 12 बजे पुरूस्कार वितरण एवं 12:30 बजे आभार एवं कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

### माहिष्मती घाट पर कल होगा भव्य महोत्सव

**मण्डला।** देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर एक नवम्बर को माहिष्मती घाट पर माहिष्मती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5 बजे से होगा। चुनरी एवं कलश यात्रा, दीपोत्सव, भव्य आतिशबाजी, भजन संध्या एवं रंगोली प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम के लिए घाट परिसर की विशेष रूप से सजावट की जा रही है। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट ने जिलेवासियों, श्रद्धालुओं और नर्मदा भक्तों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित इस महोत्सव में शामिल हों।

### गहन पुनरीक्षण के तहत स्टेंडिंग कमेटी की बैठक-सह-प्रेस वर्ता आज

**मण्डला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वीडियो कॉफ्रेंस 27 अक्टूबर में गहन पुनरीक्षण-2025 के संबंध में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 28 अक्टूबर को जिला योजना भवन मण्डला के सभाकक्ष में अपरान्ह 4 बजे से स्टेंडिंग कमेटी की बैठक-सह-प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। बैठक-सह-प्रेस वर्ता में जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती उइके ने दिखाई हरी झंडी

# रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन





*** केबिनेट मंत्री ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज मंडला में "रन फॉर यूनिटी" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके द्वारा बिंझिया में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, रानू राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एसपी रजत सकलेचा, एडीएम राजेंद्र कुमार सिंह, एएसपी शिव कुमार वर्मा, जिला खेल अधिकारी श्री विकास खराड़कर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

दौड़ का शुभारंभ प्रातः 9 बजे बिंझिया चौराहा से हुआ, जो नेहरू स्मारक, बैगा-बैगी चौक, रेडक्रॉस मार्ग से होते हुए महात्मा गांधी स्टेडियम तक संपन्न हुई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवानों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उइके ने उपस्थितजनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें एकता, समरसता और राष्ट्रहित के लिए समर्पण की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने भी प्रतिभागियों को रन फॉर साइबर अवेयरनेस के तहत राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा अक्टूबर माह को राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया।

कल दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयन्ती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में 148 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मण्डला के द्वारा श्री विक्रांत सारंगपाणि, कमाण्डेन्ट-148 बटा0 के सानिध्य में फिट इण्डिया/रन फॉर युनिटी के तहत के0रि0पु0 बल कैम्प पुलिस लाईन मण्डला से बिंझिंया चैक, नेहरू चैक, बैगा-बैगी चैक से स्टेडियम तक दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस के साथ-साथ विभिन्न स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। वाहिनी कमाण्डेन्ट द्वारा वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों को राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। जिसमें विक्रांत सारंगपाणि कमाण्डेन्ट-148, प्रमोद कुमार यादव द्वितीय कमान अधिकारी, श्री अमरी प्रसाद उप कमाण्डेन्ट एवं वाहिनी के अधिनस्थ अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया।





## 17 दिन में तय करेंगे कश्मीर से कन्याकुमारी तक का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले से हेमंत खरे जो पूर्व में साइकिल से नर्मदा परिक्रमा कर चुके हैं उनका चयन मिनिस्ट्री ऑफ़ यूथ अफेयर भारत खेल एवं युवा मंत्रालय और फिट इंडिया मूवमेंट की ओर से 17 दिवसीय साइकलिंग एक्सपीडिशन का आयोजन किया जा रहा है सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित साइकलिंग एक्सपीडिशन में देश भर के 2000 आवेदनों में 150 साइकिलिस्ट का सिलेक्शन हुआ जिसमें मध्य प्रदेश के मंडला शहर से हेमंत खरे पिता स्वर्गीय श्री बलवंत राव खरे साइकिलिस्ट का चयन हुआ है सभी 150 साइकिलिस्ट 1 नवंबर को श्रीनगर से साइकलिंग करते हुए 17 नवंबर को कन्याकुमारी पहुंचेंगे इस आयोजन का मकसद वन नेशन वन राइट वन 1 स्पिरिट का मैसेज देना है इन 17 दिनों में 4000 किलोमीटर का सफर तय करना है यह एशिया की सबसे बड़ी और लंबी संगठित साइकलिंग यात्रा है इस मिशन का नाम K2K के यानी कश्मीर से कन्याकुमारी रखा गया है।

### एक बगिया माँ के नाम योजना की कलेक्टर ने की समीक्षा



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने गोलमेज कक्ष में एक बगिया माँ के नाम योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, कार्यपालन यंत्री आरईएस संभाग 1, कार्यपालन यंत्री आरईएस संभाग 2, परियोजना अधिकारी मनरेगा, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन, सभी विकासखंड के सहायक यंत्री, अतिरिक्त परियोजना अधिकारी मनरेगा, विकासखंड प्रबंधक आजीविका मिशन मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है, इसके जरिये स्व सहायता समूह की बहनों को अतिरिक्त आय अर्जन की एक स्थाई गतिविधि से जुड़ने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को समयसीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। पौधे अच्छी प्रजाति के हों तथा फैंसिंग की सामाग्री अच्छी गुणवत्ता की हो, यह सुनिश्चित करना मनरेगा की टीम का दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पौधारोपण कराते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें जिससे जनप्रतिनिधि भी इस महत्वपूर्ण योजना के विषय में अवगत हों। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया कि इस कार्य की सतत समीक्षा करें जिससे कार्य समय पर संपादित हो।

# उद्यानिकी भूमि पर कलेक्ट्रेट भवन निर्माण का विरोध जोरों पर

*** भविष्य में ऑक्सीजन संकट से बचना है तो हरियाली बचाना ज़रूरी -इंजीनियर कमलेश तेकाम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शहर के बंजर चौक स्थित उद्यानिकी विभाग की पाँच एकड़ भूमि पर संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन निर्माण की तैयारी को लेकर गौणवाना गणतंत्र पार्टी और पर्यावरण प्रेमियों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम ने आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रशासन द्वारा इस हरित क्षेत्र को उजाड़कर "कांक्रीट का पहाड़" खड़ा करने की तैयारी पर्यावरण और जैव विविधता दोनों के लिए गंभीर खतरा है।

इंजीनियर तेकाम ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान देश ने ऑक्सीजन की कमी का भयावह दौर देखा था, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया जा रहा।

उन्होंने कहा यहाँ लगे हजारों पेड़ शहर को प्रतिदिन हजारों ऑक्सीजन सिलेंडरों जितनी शुद्ध हवा देते हैं। इन्हें काटना भविष्य में मंडला के लिए बड़ा संकट साबित हो सकता है।

उद्यानिकी परिसर में वर्तमान में 10,000 से अधिक प्रजातियों के पौधे-पेड़ हैं, जो शहर के पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह क्षेत्र किसानों के प्रशिक्षण, पौध उत्पादन और उद्यानिकी विकास का प्रमुख केंद्र भी है।

श्री तेकाम ने बताया कि समाजसेवी अब्दुल गफ्फार कुरैशी द्वारा दायर याचिका पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए उद्यानिकी भूमि पर पेड़ काटने एवं निर्माण कार्य पर रोक लगाई थी। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा भूमिपूजन की तैयारी करना न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए भूमि हस्तांतरण या निर्माण की प्रक्रिया जारी रखी, तो पार्टी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगी।

इंजीनियर तेकाम ने प्रशासन से आग्रह किया कि संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन निर्माण के लिए किसी वैकल्पिक स्थल का चयन किया जाए, ताकि शहर की हरियाली और पर्यावरण पर कोई विपरीत असर न पड़े। साथ ही उन्होंने जनमानस, बुद्धिजीवियों और पर्यावरण प्रेमियों से अपील की कि वे इस हरित परिसर को बचाने के लिए एकजुट होकर अपनी आवाज़ बुलंद करें। हरियाली बचेगी तो ही आने वाली पीढ़ियाँ सुरक्षित रहेंगी।

अंत में इंजीनियर तेकाम ने कहा कि प्राकृतिक संसाधन हमारी साझा विरासत हैं। यदि आज इन्हें नहीं बचाया गया, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

### घुघरी एवं मंडला क्षेत्र से 19 हजार 800 रूपए का अवैध शराब जप्त



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा निर्देशन में तथा जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध घुघरी क्षेत्र में दबिश की कार्यवाही की गई। जिसमें ग्राम डोंगरमण्डला, सेहजपानी, राम्हेपुर घुघरी में संदिग्ध स्थलों की तलाशी लेने पर दुकान एवं मकान से 50 नग जीनियस व्हिस्की विदेसी मदिरा, 20 नग गोआ व्हिस्की, 30 लीटर कच्ची मदिरा बरामद कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार वृत मण्डला में ग्राम बोकर, मांगा, अंजनिया क्षेत्र में प्रकरण पंजीबद्ध कर 20 पाव देसी मदिरा प्लेन, 15 नग विदेसी मदिरा, 25 लीटर कच्ची शराब जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत धारा 34(1) पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 19 हजार 800 रूपए आंकी गई है।

# रेलवे संघर्ष समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला रेलवे संघर्ष समिति की बैठक आज गोंडी पब्लिक ट्रस्ट, महिष्मति घाट, मण्डला में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य था यह जानना कि आम जनमानस की रेल सम्बंधी प्रमुख माँगें एवं अपेक्षाएँ क्या हैं। इस अवसर पर समिति ने नागरिकों से सीधे सुझाव आमंत्रित किए, जिनमें लोगों ने मंच पर आकर अपने विचार रखे।

### मुख्य निष्कर्ष एवं प्रस्ताव

बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मण्डला फोर्ट से घंसौर तथा मण्डला फोर्ट से जबलपुर तक नवीन रेलमार्ग की आवश्यकता है। पूर्व में जिन रेलमार्गों का सर्वेक्षण हो चुका है, उनका पुनर्जीवन एवं जीर्णोद्धार कर कार्य को पुनः रेलवे बोर्ड में प्रस्तुत किया जाए, ताकि आगामी निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। मंडला फोर्ट स्टेशन पर कोचिंग डिपो का निर्माण किया जाए। जो मालवाहक ट्रेन वर्तमान में मंडला फोर्ट से संचालित होती है, उसके लिए शेड का निर्माण मंडला फोर्ट–घंसौर रोड के समीप किया जाए। मंडला जंक्शन पर वर्तमान में तीन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें बढ़ाकर चार प्लेटफॉर्म किया जाए।

बैठक में यह भी विचार रखा गया कि यदि मंडला जिले के जनप्रतिनिधि अपेक्षित सहयोग नहीं दे पा रहे हैं, तो अन्य जिलों शहडोल, बालाघाट, छत्तीसगढ़, जबलपुर, बैहर, डिंडोरी, गोटेगांव आदि के सांसदों एवं विधायकों से समर्थन लिया जाए। सभी प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि सामूहिक प्रयासों से मण्डला–डिंडोरी जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों का विकास और कायाकल्प संभव है।

निर्णय लिया गया कि समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही सभी जिलों के सांसदों, विधायकों तथा आम जनमानस के साथ बैठक करेगा और नवीन रेलमार्ग निर्माण को प्राथमिकता देते हुए आगे की रणनीति तय करेगा।

बिलासपुर जोन से पूर्व में हुए सर्वेक्षण में निम्न प्रमुख स्टेशनों को शामिल किया गया था पंडरिया, बोड़ला, मवई, घुटास, बिछिया, अंजनिया, मंडला फोर्ट, नारायणगंज, कालपी, बीजाडांडी, उदयपुर, जबलपुर, गौरेला, पेंड्रा, अमरकंटक, डिंडोरी, शहपुरा, निवास, बरेला, जबलपुर। बैठक में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि यदि सभी समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि एकजुट होकर प्रयास करें तो इस रेलमार्ग का निर्माण शीघ्र आरंभ किया जा सकता है।



**प्रदर्शन** | किसानों ने अपनी मांगों को लेकर हाईवे पर जाम लगा दिया।

# पराली जलाने पर दर्ज केस वापसी की मांग

*** 2 घंटे हुई नारेबाजी फिर प्रदर्शन समाप्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मण्डला में किसानों ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोश जताया। किसानों की नाराजगी तब बढ़ गई, जब प्रशासन ने उनकी ट्रैक्टर रैली को शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। 200 ट्रैक्टरों से आए किसानों ने हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे चले प्रदर्शन चला। अफसरों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार दोपहर में करीब 200 ट्रैक्टरों के साथ किसान कलेक्ट्रेट ज्ञापन सौंपने के लिए रवाना हुए थे, लेकिन प्रशासन ने केवल 10 ट्रैक्टरों को आने की अनुमति दी। इस पर किसानों ने कटरा बाईपास पर ही ट्रैक्टर रोककर हाइवे पर जाम लगा दिया। मौके पर प्रशासन और पुलिस बल तैनात हैं और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मौके पर प्रशासन और पुलिस बल तैनात हैं और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### किसान बोले-ज्यादा बारिश से फसलें हो गईं बर्बाद

किसानों का कहना था कि असमय बारिश और अतिवृष्टि से फसलें बर्बाद हो गई हैं। साथ ही, पराली (नरवाई) जलाने पर रोक, खाद की कमी और बढ़ते सरकारी प्रतिबंधों से किसान वर्ग परेशान है। उन्होंने मांग की कि पराली जलाने पर दर्ज सभी प्रकरणों को वापस लिया जाए, खाद की आपूर्ति सुचारु की जाए, अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए।

सूचना पर एडीएम राजेन्द्र सिंह, एएसपी शिवकुमार वर्मा, एसडीएम सोनल सिडाम सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलन कर रहे किसानों से लंबी चर्चा की। इस दौरान एडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि पराली प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पराली जलाने को लेकर दर्ज मामलों पर शासन से मार्गदर्शन लेकर तब तक इन्हें शिथिल रखा जाएगा। साथ ही अन्य सभी मांगों को शासन तक भेजने का भी आश्वासन दिया गया।

**खबर संक्षेप**

## बेकारी से तंग आ चुके युवा, आजीविका चलाने शासकीय भूमि देने की उठा रहे मांग

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शहर में शैक्षाणिक संस्थाओं का जाल बिछाने से युवा शिक्षित तो हो रहे है किन्तु उन्हे मिलने वाली डिग्रियॉ नगर में रोजगार के अवसर कम होने से बेमानी साबित हो रही है, उल्लेखनीय है कि शासकीय नौकरियो का टोटा होने से शिक्षित बेरोजगार स्थानीय स्तर पर नौकरी तलाशत हुये भटक रहे हैं पर उन्हे क्षेत्र की फैक्ट्रियो में भी कथित कोटे के अनुसार नौकरियॉ नही मिल पा रही है, इस हालत में उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है, बेकारी से तंग अनेक युवाओं ने बताया कि उनमें काम करने जज्बा, ताकत भी है पर नौकरी न रहने से वे अपने परिवार को आर्थिक सहारा नहीं दे पा रहे है, वक्त के पहलें उनकी खुशिया छिन गयी है तथा एक तरह से वे अपने परिवार पर बोझ बनकर रह गए है, उन्होने बताया कि म.प्र.सरकार की मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत कई नौजवानो के बैंको से आर्थिक सहायता लेने के जो फार्म भरे थे, उनके आधार पर बैंकों से उन्हे ऋण देने में आनाकानी की जा रही है। जिसका नतीजा है कि उन्हे बेवजह मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत ऋण लेने के लिए शासकीय कार्यालयों की परिक्रमा लगाने मजबूर होना पड़ रहा है, बेकार युवाओं का दर्द है कि कई विभागों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो की ओवरप्लो बाढ़ हो गयी है। जिसके चलते अब लोग भी नौजवानो को दैनिक भोगी कर्मचारी नियुक्त कराने से कतराने लगे है। ऐसी स्थिति में सिर्फ शहर के शिक्षित बेराजगारो के सामने वर्तमान में यह विकल्प बाकी रह गया है कि उनके द्वारा छोटी दुकाने खोल अपनी जीविका चलाते हुए अपने बूढ़े माता पिता, भाई, बहिनों को सहारा देकर सम्मान से जीवन बिताया जाए,लेकिन युवाओं की बदनसीबी है कि शहर में व्यापक पैमाने पर शासकीय भूमि या तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ी हुई है या फिर बेरोजगारों पर रहम न करते हुए प्रभावशाली लोग इस भूमि को चपेट मकान, दुकानें बना अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे है? शहर के अधिकतर शिक्षित बेरोजगारों ने शासन प्रशासन से मांग की है रोजगार के हकदार शिक्षित बेरोजगारों को शहर में खाली पड़ी नजूल,लोक निर्माण विभाग,

# सालीचौका में कलचुरी वंश के आराध्य श्री सहस्त्रबाहु की जयंती धूमधाम से मनाई





हरिभूमि न्यूज/सालीचौका

कलचुरी कलार समाज के आराध्य देव भगवान दत्तात्रेय के अनन्य भक्त, भगवान विष्णु के मानस प्रपुत्र सुदर्शन चक्र के अवतारी, महान प्रतापी, सप्त महाद्वीपों के साथ साथ ब्रह्मांड विजेता, सहस्त्र भुजाधारी, हजारों हजार वर्षों तक शासन चलाने बाले राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु के जन्म जयंती के अवसर पर स्थानीय कलचुरी महिला समिति के तत्वावधान में नगर के गोकुल पैलेस में जिला कलचुरी महिला अध्यक्ष श्रीमति अर्चना चौकसे के मुख्यातिथ्य तथा नगर पालिका गोटेगांव की उपाध्यक्ष श्रीमति श्रद्धा चौकसे, पार्षद श्रीमति रजनी राय,नरसिंहपुर कलचुरी महिला अध्यक्ष श्रीमति अंजू रार के विशिष्ट अतिथ्य समारोह पूर्वक मनाई गई। उक्त अवसर पर सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु जी के तैलीय चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन व भव्य आरती की गई। तत्पश्चात सभी अतिथियों का पुष्पमाला ,शाल, श्रीफल भैट कर सम्मान किया गया। उल्लेखनीय हैं कि सालीचौका में लगभग बीस साल बाद हर्षोल्लास के साथ पहलीबार मनाई गई। कार्यक्रम में श्रीमति मीरा चौकसे, श्रीमती पुष्पा चौकसे, श्रीमती अनीता चौकसे, सरोज चौकसे, संध्या राय, संगीता राय, शर्मिला राय, संगीता चौकसे पूजा चौकसे, दीपा राय, खुशबू राय, सीमा राय, कलाबाई राय, शशि राय, कुसुम राय, सरिता राय, राखी चौकसे, वंदना चौकसे, अंजली राय, प्रियंका चौकसे, निशा राय, तुलसा चौकसे, नीतू राय, सरिता चौकसे, दीप्ति चौकसे, शीतल राय, गायत्री राय, नीतू राय, नंदिनी राय, पिंकी चौकसे सहित बड़ी संख्या में महिला शक्ति मौजूद रहीं थी। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री मति अनिता चौकसे/हैमराज चौकसे, श्रीमति संगीता/अवधेश चौकसे, श्री मति दीपा/सुनील राय के अलावा श्री गोकुल पेलेस के संचालक अमरीश राय (गोलू भैय्या), आयुष चौकसे अध्यक्ष युवा कलचुरी कलार समाज सलीचौका, शिवम राय जिला सचिव युवा कलचुरी कलार समाज, रितिक राय, अर्पित चौकसे, शिवम राय शिवा राय का विशेष योगदान रहा।

## घर आंगनों में सजे गन्ने के मंडपों के बीच संपन्न होगा तुलसी शालिग्राम का विवाह आज

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।



कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी देव उठनी ग्यारस का त्यौहार आज नगर सहित गांवों में बडे ही उत्साह से मनाने के लिए कल शुक्रवार को ही महिलाओं अपने घरों को सुन्दर बनाने के लिए अनेक प्रकार की तैयारियाँ करने में जुटी हुई देखी गई और शाम को किसानों की गन्ने से भरी हुई गाड़ियों का शहरों में आने के चलते नगर का वातावरण एका एक सरस हो गया। क्योंकि हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को चार माह के लिए क्षीरसागर में शयन करने के बाद देवात्थान एकादशी पर भक्तों की पुकार सुनकर जागते है और भगवान विष्णु जी के जागते ही मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो जाते है। गौरतलब है कि आज संकटों से मुक्ति दिलाने वाले भगवान हनुमान जी के प्रिय दिवस के साथ साथ न्याय के देवता शनिदेव का प्रिय दिवस यानि की शनिवार को लोगों के घर आंगनों में सजे गन्ने के मंडपों के नीच व्रतधारी महिलाएं भगवान विष्णु की पूजा, अर्चना करने के बाद मंगल गीत गाते हुए माता तुलसी जी एवं भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न करायेगी और उनके द्वारा माता तुलसी जी को सुहाग सामग्री भेंट कर उससे अपने परिवार की सुख समृद्धि का बरदान मांगेगी। उल्लेखनीय है कि इस देव उठनी ग्यारस पर नये फलों सब्जियों, पूजा सामग्री, गन्नो व पुष्पहारों की छोटी दुकाने बाजार में सजती है। वही हिन्दू धर्माबलंबी क्षेत्र के माँ नर्मदाजी के घाटों पर पहुंच कर पुण्य सलिला माँ नर्मदा जी में स्नान करने के साथ साथ भगवान व माँ नर्मदा जी का पूजन करते हुए धर्म लाभ लेगे। वही इस प्रकार से देव उठनी ग्यारस को लेकर बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस त्यौहर को अनेक जगहों पर अनोखे तरीके से मनाया जाता है जिसके चलते घरों में रखे हुए पुराने झाडू यानि की ठुटिया जलाई जाती है जिसको लेकर पुरानी परम्पराओं के अनुसार ग्रामीण बुजुर्गो द्वारा बताया जाता है कि इस प्रकार से पुराने झाडू की ठुटियाँ जलाने से अनेक प्रकार के वर्षा काल में लगे हुए लोगों के रोग उसी झाडू की आग के साथ जल जाते है जिसके चलते आज भी इस परम्परा को गांवों में जीवित आज भी देखा जाता है?

## माँ नर्मदा अपने भक्तों को जीवन काल में एक बार दर्शन अवश्य देती हैं - वीरेन्द्र शास्त्री







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव सांई धाम मंदिर में चल रही सात दिवसीय माँ नर्मदा पुराण में जहां प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर कथा व्यास पंडित धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा माँ नर्मदाजी की लीलाओं का वर्णन बडे ही मार्मिक रूप से सुनाया जा रहा है। आयोजन के द्वितीय दिवस कथा व्यास भक्तों का बताया कि मां नर्मदा कि इस प्रकार की कृपा रहती है कि वह भक्तों पर कि सिर्फ मां नर्मदा के दर्शनव स्पर्श करने मात्र से ही व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिल जाती है। इस दौरान उन्होंने माँ नर्मदा के पवित्र तटों का बर्णन सुनाते हुये कहा कि गंगा मैया हो जमुना मैया हो या फिर सरस्वती मैया हो नर्मदा मैया हो इनका जल पानी नही है अर्मत होता है। इस दौरान उन्होने माँ नर्मदा जी की शादी से संबंधित वर्णन सुनाते हुये कहा कि जब नर्मदा के पिता मैखलराज ने उनका विवाह राजकुमार सोनभद्र से तय कर दिया, तो नर्मदा ने अपनी सखी जुहिला को सोनभद्र से मिलने के लिए भेजा। जुहिला के सुंदर आभूषणों को देखकर सोनभद्र ने उसे ही नर्मदा समझ लिया और उसी से विवाह कर लिया। जिससे नर्मदा को गहरा दुख हुआ और उन्होंने कभी भी विवाह न करने का प्रण लेते हुये उल्टी दिशा की ओर चलना प्रभारंभ कर दिया और वह उल्टी दिशा में अरब सागर की ओर बहने लगीं। दुनियाँ की एक मात्र नदी माँ नर्मदाजी ही है जो सभी नदियों की अपेक्षा विपरित दिशा की ओर प्रभाह करते है। कथा के दौरान बताया गया कि माँ नर्मदा सरितां वरा - नर्मदा नदियों में सर्वश्रेष्ट हैं। नर्मदा तट पर दाह संस्कार के बाद, गंगा तट पर इसलिए नहीं जाते हैं कि, नर्मदा जी से मिलने गंगा जी स्वयं आती है। मात्र नर्मदाजी ही है जिनका पुराण है अन्य दूसरी किसी नदी का पुराण नही है। माँ नर्मदा अपने उदगम स्थान अमरकंटक में प्रकट होकर, नीचे से ऊपर की और प्रवाहित होती हैं, जबकि जल का स्वभाविक हैं ऊपर से नीचे बहना है। माँ नर्मदा जल में प्रवाहित लकड़ी एवं अस्थिय कालांतर में पाषण रूप में परिवर्तित हो जाती हैं। माँ नर्मदा जी से अधिक तीव्र जल प्रवाह वेग विश्व की किसी अन्य नदी का नहीं है। जबकि नर्मदाजी किसी को कोई क्षति नही पहुंचाती है। माँ नर्मदा जी से प्रवाहित जल घर में लाकर प्रतिदिन जल चढाने से बढ़ता है। वही घर में कितने ही दिन तक रखे रहे पर खराब नही होता है। माँ नर्मदा जी से प्राप्त शिवलिग ही देश के समस्त शिव मंदिरों में स्थापित हैं। क्योकि शिवलिग केवल नर्मदा में ही प्राप्त होते हैं अन्यत्र नहीं। नर्मदा में ही बाण लिंग शिव एवं नर्मदेश्वर (शिव ) प्राप्त होते है। माँ नर्मदाजी के किनारे ही नागमणि वाले मणि नागेश्वर सर्प रहते हैं। माँ नर्मदा का हर कंकड़ शंकर होता है ,उसकी प्राण प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती क्योकि , वह स्वयं ही प्रतिष्टित रहता है। माँ नर्मदा में वर्ष में एक बार गंगा आदि समस्त नदियाँ स्वयं ही नर्मदा जी से मिलने आती हैं। नर्मदा राज राजेश्वरी हैं वे कहीं नहीं जाती हैं। इसीलिये नर्मदा में समस्त तीर्थ वर्ष में एक बार नर्मदाजी के दर्शनार्थ स्वयं आते हैं। माँ नर्मदा में ही श्राद्ध की उत्पति एवं पितरो द्वारा ब्रम्हांड का प्रथम श्राद्ध हुआ था अतः नर्मदा श्राद्ध जननी हैं। माँ नर्मदा पुराण के अनुसार नर्मदा ही एक मात्र ऐसी देवी (नदी )हैं ,जो सदा हास्य मुद्रा में रहती है। माँ नर्मदा जी के तट पर ही सिद्धी प्राप्त होती है। ब्रम्हांड के समस्त देव, ऋषि, मुनि, मानव (भले ही उनकी तपस्या का क्षेत्र कही भी रहा हो) सिद्धी प्राप्त करने के लिए नर्मदा तट पर अवश्य आये है। नर्मदा तट पर सिद्धि पाकर ही वे विश्व में प्रसिद्ध हुए है। माँ नर्मदा जी के (प्रवाहित ) जल में वह शक्ति होती है कि नियमित स्नान करने से असाध्य चर्मरोग मिट जाता है तथा माँ नर्मदा स्नान से समस्त क्रूर ग्रहों की शांति हो जाती है । नर्मदा तट पर ग्रहों की शांति हेतु किया गया जप पूजन हवन,तत्काल फलदायी होता है। वही माँ नर्मदा अपने भक्तों को जीवन काल में दर्शन अवश्य देती हैं ,भले ही उस रूप में हम माता को पहिचान न सके। वही माँ नर्मदाजी की कृपा से मानव अपने कार्य क्षेत्र में ,एक बार उन्नति के शिखर पर अवश्य जाता है। माँ नर्मदा कभी भी मर्यादा भंग नहीं करती है। वर्षा काल में पूर्व दिशा से प्रवाहित होकर , पश्चिम दिशा के ओर ही जाती हैं। जबकि अन्य नदियाँ वर्षा काल में अपने तट बंध तोडकर अन्य दिशा में भी प्रवाहित होने लगती हैं। मगर माँ नर्मदा पर्वतो का मान मर्दन करती हुई पर्वतीय क्षेत्रमें प्रवाहित होकर कभी जन धन हानि नहीं करती हैं। जबकि अन्य नदियाँ मैदानी, रितीले भूभाग में प्रवाहित होकर बाढ़ रूपी विनाशकारी तांडव करती हैं। मगर माँ नर्मदाजी अपने तट पर निवास करने वाले भक्तों को क्षति नही पहुंचाती है।

## दादा धूनी नगरी में बल्लभ भाई पटैल की जयंती पर आयोजित की गई "रन फॉर यूनिटी" मैराथन



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। लौह पुरूष सरदार बल्लभाई पटैल की जयंती संपूर्ण देश में अलग अलग तरीके से मनाई गई। इसी क्रम में दादा धनी नगरी सांईखेड़ा में भी पटैल की जयंती के मौके पर "रन फॉर यूनिटी" मैराथन का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस आयोजन बड़ी संख्या में सामाजिक, स्कूली बच्चों, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वही मौजूद लोगो ने मिलकर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सपनों को साकार करने के लिये एकता और अखंडता के संदेश देते हुये जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।संवाद के दौरान आम जन को अवगत कराया कि जब देश आजाद हुआ था, तब अनेक रियासतें अलग-अलग नेतृत्व चाहती थीं, ऐसे समय में सरदार वल्लभभाई पटेल ने अद्भुत दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प से देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम सभी को एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान देना है। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रकाश पाठक के आलवा भगतदास महंत, कीरत पटैल दद्दा भैया, हर्ष पाठक, दिग्विजय सिंह, शिवांश शर्मा, भोलेश्वर, राकेश खैमारिया, पवन राय, रीतेश अवस्थी, चंद्रकांत विश्वकर्मा शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद थें।

### इस प्रकार की लापरवाही खुद के साथ दूसरी की जिन्दगी के लिये भी पहुंचा सकती है खतरा



हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जहां एक ओर देखा जाता है कि पुलिस प्रशासन द्वारा किसी बाईक पर तीन लोगों को बैठा देखा जाता है तो अपनी चालानी कार्यवाही करने से नही चूकती है, मगर जिस प्रकार से खुलेआम यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों को नजर अंदाज किया जाता है उसका परिणाम इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह सदा ही अपने साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में उस समय देखने मिली जब एक मोटर साईकिल पर सबार दो युवक मोटर साईकिल के बीच में भारी भरकम लकड़ी लेकर मुख्य मार्ग से जाते हुये देखे गये तो निश्चित ही इस सच्चाई को देखने वाले लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि इस प्रकार के लोग ही अपने साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे में डालने से नही चूकते है और पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार के लोगों द्वारा बरती जाने वाले मनमानी को नजर अंदाज किये जाने के कारण जहां इनके हौसले बुलंद होने से नही चूकते है जिसके चलते लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूकती है?

# नगर के गौरव लेफ्टिनेंट कर्नल शुक्ला का पीजी कॉलेज में किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हिंदी विभाग के द्वारा मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत शौर्य चक्र पदक प्राप्त लेफ्टिनेंट कर्नल नितेश भारती शुक्ला एवं उनके पिता से.नि. मनमोहन शुक्ला का स्वागत हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जवाहरलाल शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. पी. एस. कौरव के द्वारा शाल श्रीफल से किया गया। ज्ञात हो कि कर्नल नितेश भारती शुक्ला ने विद्यार्थियों को भारतीय सेवा में नियुक्ति की प्रक्रिया, भारतीय सेवा की कार्यशैली तथा एक सैनिक की जीवन शैली तथा शौर्य चक्र पदक प्राप्त ऑपरेशन की संपूर्ण कहानी अपने मुखारविंद से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की गई तथा द्यार्थियों के जिज्ञासा प्रश्नों का भी समाधान किया । इस मौके पर विद्यार्थियों ने राष्ट्र सेवा के पुनीत कार्य में कार्य करने की शपथ ली। इस कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जवाहरलाल शुक्ला के द्वारा कॉलेज में नियमित हिंदी मेजर विषय में कक्षा में आने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, पेन डायरी से पुरस्कृत किए गए। कार्यक्रम का सफल एवं ओजस्वी संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शन सिंह किरार के द्वारा किया गया। वही इस मौके पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्रो.एस के नायक, डॉ. टीकाराम, डॉ कमलेश डेहरिया, डॉ.सोनिका सहाय, डॉ.अरुणिमा नामदेव तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालीन विद्यार्थी चेष्टा भार्गव, प्रिया दुबे, अनीता चौधरी, प्रतिभा राजपूत, पूजा वर्मा, श्रद्धा, संजीव केवट, आकाश धानक, संध्या धानक, आकाश मिर्धा, सुरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थें। ज्ञात हो कि लेफ्टिनेंट कर्नलनितेश भारती शुक्ला ने गाडरवारा की भूमि पर जन्म लेते हुये जिस तरह आज देश की रक्षा में अपना योगदान दे रहे है उसके चलते इस गाडरवारा शहर को एक गौरव पूर्ण अनुभूति होने से नही चूक पा रही है। सही मायने में देखा जावे तो शुक्ला नगर के गौरव है।

## चीचली क्षेत्र में कागजों के भरोसे चलते हुए नजर आ रही आंगनवाडी संबंधित योजनाएं



हरिभूमि न्यूज/चीचली। शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्धेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है,मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं व बच्चों को मिलते हुये शायद ही कही दिखाई दे पा रहा हो..? जबकि महिला बाल विभाग के माध्यम से संचालित होने वाले इन योजनाएं के नाम पर सरकार द्वारा प्रति वर्ष करोडो रूपए खर्च कर जन हितैषी योजनाए बनाती है मगर वह योजनाएं मात्र कागजो तक ही सीमित होने के चलते शासन की राशि बर्बाद ही होते हुए दिखाई देने लगी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिल पा रहा है और न पढाई की सुविधा मिल रही है। वही दूसरी ओर गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी कोसो दूर दिखाई देने के साथ साथ मात्र कागजों पर चलते हुये देखने मिल रहा है? जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्ण रूप से होती रहती है, जिसके चलते ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, केंद्र प्रभारियों की सांठ गांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल होना आम चर्चा बन चुका है..? इस प्रकार से अनेक केंद्रों पर मनमर्जी इस प्रकार से देखने मिलती रही है कि आंगनबाडी केंद्र कब खुलते है और कब बंद होते है और इन केन्द्रो पर कितने बच्चे पढ़ाई करने के एलि पहुंचते है, जबकि कागजों के हिसाब से दर्ज संख्या के अनुसार बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति दिखाई देने से नही चूकती है, वही अधिकारियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ियों में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण ही देखने मिलता है?

# शांतिदूत तिरहा से महाविद्यालय के बीच मुख्य मार्ग के किनारे खड़े रहने वाले वाहनों की लाईन आमजन की जिन्दगी को खतरे में डालने के साथ यातायात को कर रही प्रभावित





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब कोई बड़ी घटना जन्म ले लेती है तो उस घटना को लेकर अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा भी मौके पर पहुंचकर दुख प्रकट करने से नही चूकते है तथा घटना के कारणों की जांच का आदेश देते हुये दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिये बड़े बडे बादे करना शुरू कर देते है..? मगर समय रहते हुये इस तरह की घटनाओं को रोकने के प्रयास शायद ही किसी के द्वारा करते हुये देखा गया हो..। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के वायपास मार्ग यानि की शांतिदूत तिरहा से लेकर रिलाइंस पेट्रोल पंप वाले मार्ग पर दिखाई देने से नही चूक रही है..? क्योंकि यह मार्ग जहां राष्ट्रीय स्तर का होने के कारण यहां से दिन भर लम्बी दूरी के बड़े बड़े वाहनों का निकलना तो लगा ही रहता है तो दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों द्वारा भी अपना अनाज ट्रेक्टर ट्राली लेकर इसी मार्ग से निकलते है। इतना ही नही इसी मार्ग पर यानि की राष्ट्रीय स्तर के मार्ग के ठीक किनारे पर नगर का महाविद्यालय सहित अन्य प्रकार के शासकीय भवन होने के कारण महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। मगर इस मार्ग पर बीते हुये कुछ महिनों से मुख्य सड़क के दोनों ओर भारी भरकम ट्रकों की दिन रात जिस तरह लाईन लगी हुई देखी जा रही है उसके चलते इस मार्ग की यातायात व्यवस्था तो प्रभावित होते देखी ही जा रही है साथ ही साथ आमजन की जिन्दगी को खतरे में डालने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है..? वही दूसरी ओर यहां की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो राष्ट्रीय स्तर का मार्ग होने के बाद भी यहां पर संचालित शराब ठेका के चलते शाम के समय यहां की सड़क पूर्णरूप से आहते का रूप धारण करने से नही चूकती है। इस स्थिति में इस मार्ग से जुड़ी हुई एमपीईबी कालोनी के लोगों का अपने घरों निकलना मुश्किल होते हुये देखा जा रहा है तो दिन के समय वाहनों के खड़े होने से आम लोगों की जिन्दगी खतरे के बीच दिखाई देने से नही चूक पा रही है। हैरत इस बात की होते हुये देखी जा रही है कि इस मार्ग से जहां प्रतिदिन तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों का निकलना हो रहा है तो दूसरी ओर क्षेत्र के जिम्मेदार नेता भी दिन में एक न एक बार यहां से जरूर निकलते हुये देखे जाते है। मगर इसके बाद भी किसी के भी द्वारा इस तरह सड़क के दोनों दिन के समय वाहनों की लगने वाली लम्बी लाईन तथा रात के समय सड़क अहाते का रूप धारण करने की सच्चाई को नजर अंदाज करना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? जबकि यहां की सच्चाई यह है कि मार्ग वैसे भी अति संबेदन शील माना जाता है। क्योंकि यहां पर आये दिन घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है जहां पर पूर्व में घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं के चलते दर्जनों लोगों ने अपनी जिन्दगी गवा चुके है। मगर इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किया जाना सबालों को जन्म देने से नही चूक रहा है..? जहां एक ओर अधिकारियों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित करने की बात कही जाती है। मगर दूसरी ओर जहां खुलेआम दुर्घटनाओं की संभावना बनने के साथ पूर्व दुर्घटनाये घटित होने के बाद भी उस स्थान की अनदेखी करना इस बात का संकेत देने से नही चूक रहा है कि शासन वाहन मालिको सहित शराब ठेकेदारों के खिलाफ अधिकारीगण कार्यवाही करने की हिम्मन नही जुटा पा रहे है जिसके चलते शासन प्रशासन की भूमिका संरक्षण की मुद्रा की भांति प्रतीत होते हुये जान पड़ रही है...? ज्ञात हो कि नगर के शांतिदूत तिरहा से लेकर शक्कर नदी पुल तक का यह मार्ग तिरछा होने के कारण जब यहां से वाहन निकलते है तो दूसरी ओर से आने वाले वाहन चालक को दिखाई ही नही देता है तो दूसरी ओर ठीक महा विद्यालय के समीप इस मार्ग पर घाट होने की स्थिति में यहां से गुजरने वाले वाहनों की गति अपने आप ही तेज हो जाती है जिसके चलते यदि कोई व्यक्ति अचानक मुख्य मार्ग पर आ जाता है तो वाहन चालक को अपना वाहन कन्ट्रोल करना नामुकिन हो जाता है? वही दूसरी ओर इस मार्ग के दोनों ओर पहले से ही फैला हुआ अतिक्रमण जहां यातायात के लिये बाधक बना हुआ था। मगर अब इस मार्ग के दोनों ओर दिन के समय लगने वाली भारी भरकम ट्रकों की लाईन और रात के समय शराब खोरी करने वालों की बारात के चलते घटना को आमंत्रण देने के लिये आग में घी डालने का काम करने के समान प्रतीत होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है...?
















**खबर संक्षेप**

### रन फार यूनिटी कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी, बच्चे दौड़े, कालेज कैंपस में वृक्षारोपण और दिलाई गई शपथ



**डिंडोरी।** शुक्रवार को जिला प्रशासन ने देश के पहले गृहमंत्री स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया। कलेक्ट्रेट परिसर से मैराथन दौड़ को हरी झंडी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दिखाई। चंद्र विजय कालेज में मैराथन दौड़ का समापन किया गया, इसके बाद मौजूद सभी लोगों को एकता और साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई और वृक्षारोपण किया गया। मैराथन दौड़ में बच्चे दौड़े,जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने चली तेज चाल कलेक्ट्रेट परिसर में डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम ,भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया,सी ई ओ दिव्यांशु चैधरी ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई।कलेक्ट्रेट तिराहे से नगर में होते हुए बस स्टैंड होते हुए कालेज मैदान पहुंची। विधायक बोले देश की एकता के लिए साथ में दौड़ जरूरी विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की एकता के लिए हम सब को साथ में दौड़ने की जरूरत है।दौड़ने से शरीर भी स्वस्थ रहता है।युवाओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए।नशे से दूर रहे,अपने जिले ,गांव ,देश का नाम रोशन करे।जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस तरीके से अलग अलग रियासतों को मिलाने का काम किया और उससे एक देश का निर्माण हुआ ।उनसे प्रेरणा लेकर हम सभी को काम करना चाहिए।

### सहायक आयुक्त ने सक्षम कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण



**डिंडौरी।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम कार्यक्रम का औचक निरीक्षण राजेंद्र कुमार जाटव सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी के द्वारा कन्या शिक्षा परिसर डिंडौरी का दौरा किया गया जिसमें आयुक्त महोदय जी के द्वारा सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत सत्र क्रमांक 03 का अवलोकन किया गया जिसमें सत्र संचालन शिक्षक द्वारा किया गया , छात्रों से चर्चा कर जीवन कौशल रोजगार शिक्षा पर समझ , सत्र का अवलोकन गुणवत्ता **SQMF** गूगल फॉर्म के माध्यम से सक्षम कार्यक्रम सत्र की रिपोर्टिंग की गई ।महोदय द्वारा विद्यालय में समय सारणी अनुसार सत्र संचालन करने हेतु समझाया गया भ्रमण के दौरान श्रीमति संपतिया उइके जी जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीमति श्वेता अग्रवाल जिला परियोजना अधिकारी, पुरूषोतम राजपूत जिला क्रीड़ा अधिकारी, अमित गौलिया एपीसी, रवि चौहान स्टेट ट्रेनर मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन, महारान प्रताप सिंह परमार जिला कार्यक्रम अधिकारी सक्षम एवम् प्रवीण उपाध्याय विकासखंड प्रबंधक डिंडोरी की उपस्थिति रही । जैसा कि ज्ञात है जनजातीय कार्य विभाग व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान से सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत 21वीं सदी के जीवन कौशल सत्रों के माध्यम से बच्चों में जीवन कौशल विकसित करना है ।

जिले में दिव्यांगजन स्क्रीनिंग एवं सहायक उपकरण वितरण अभियान का सफल समापन

### 9 नवम्बर को बरगांव शिविर में पात्र हितग्राहियों को प्रदान किए जाएंगे उपकरण

**डिंडौरी ।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्रालय के निर्देशन तथा कलेक्टर सुश्री अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिले में 15 सितम्बर 2025 से संचालित दिव्यांगजन स्क्रीनिंग एवं वरिष्ठ नागरिक शिविरों का सफल समापन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की पहचान, चिकित्सीय परीक्षण एवं आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराना था।

**कार्यक्रम अधिकारी सहित 7 परियोजना अधिकारियों पर न्यायालय से मुकदमा दर्ज**

# गर्भवती बैगा महिलाओं के पोषण आहार में भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में निवासरत विशेष संरक्षित पिछड़ी बैगा जनजाति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अब तक अरबों खरबों रुपए लुटाए गए हैं लेकिन आज भी बैगाओ की हालत जस की तस बनी हुई है, जबकि इनके हित में योजनाएं क्रियान्वयन करने वाले अधिकारी कर्मचारी आज फर्श से अर्श पर पहुंच चुके हैं। बैगा विकास की योजनाओं में किस तरह से भ्रष्टाचार और बंदरबाट का खेल किया जाता रहा है इसकी बानगी पोषण आहार घोटाले में देखी जा सकती हैं।











वर्ष 2013 में संरक्षण सह विकास योजना स्वास्थ्य मद के अंतर्गत बैगा जनजाति की गर्भवती महिलाओं एवं अन्य महिलाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दवा पोषण आहार का प्रदाय प्रति गांव 5000 रु प्रतिमाह की दर से 12 माह हेतु 29 ग्रामों के लिए 17.40 लाख रुपए की अग्रिम राशि बैंकर्स चैक क्रमांक 51083 दिनांक 14.03.2013 के द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डिंडौरी को प्रदाय किया गया था। विभागीय अधिकारियों ने बगैर कार्ययोजना के मनमानी पूर्वक 17.40 रु को खुरबुर्द करते हुए बंदरबांट कर लिया था। भ्रष्टाचार और राशि गबन को लेकर पत्रकार चेतराम राजपूत द्वारा शासन प्रशासन सहित उच्च स्तर पर शिकायत की गई थी। इस संबंध में न्यायालय में दायर परिवाद के अनुसार, योजना के तहत वर्ष 2012-13 में 29 ग्रामों बैगा ग्रामों की महिलाओं को लाभ पहुंचाने हेतु 17 लाख 40 हजार की राशि स्वीकृत की गई थी, किंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन न करते हुए राशि का उपयोग स्वेच्छानुसार अन्य मदों में किया गया।योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, दवा एवं पोषण आहार हेतु दी गई राशि का उपयोग लाभार्थियों तक नहीं पहुंचाया गया। इसके बजाय योजना में गड़बड़ी कर राशि का दुरुपयोग किया गया। इस मामले की शिकायत पहले कलेक्टर, परियोजना अधिकारी एवं संभागायुक्त जबलपुर को दी गई थी। शिकायत के आधार पर अपर कलेक्टर कार्यालय द्वारा की गई जांच में भी यह तथ्य सामने आया कि उपयोग राशि का व्यय एवं उपयोग संबंधित परियोजना अधिकारियों द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं किया गया शिकायतकर्ता के अनुसार, मामले की पुष्टि होने के बावजूद किसी भी अधिकारी के विरुद्ध न तो विभागीय कार्रवाई की गई और न ही राशि जारी करने वाले बैगा विकास अभिकरण द्वारा कोई कार्रवाई की गई।

शिकायतकर्ता ने 10 अक्टूबर 2017 को थाना सिटी कोतवाली, डिंडौरी में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया, परंतु थाना प्रभारी द्वारा आवेदन लेने से ही इनकार कर दिया गया। बाद में सिटी कोतवाली डिंडौरी को उक्त शिकायत रजिस्टर्ड डाक से भेजी गई, किंतु फिर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की ।पत्रकार चेतराम राजपूत द्वारा जुलाई 2018 में माननीय न्यायालय में साक्ष्यों सहित परिवाद पेश कर विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध आरोप लगाया था कि राज्य सरकार की योजनाओं का धन अपने निजी लाभ के लिए दुरुपयोग किया है, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 403, 406, 408, 409, 420, 464, 467, 468, 471, 34 के तहत दंडनीय अपराध है। अधिवक्ता गम्भीरदास महंत द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत परिवाद में न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## कार्यक्रम और परियोजना अधिकारियों ने किया बंदरबांट

2013 में बैगा विकास अभिकरण द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डिंडौरी को 17.40 लाख रुपए जारी करते हुए तत्काल कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे लेकिन विभागीय अधिकारियों ने 29 गांवों की बजाय सभी विकास खंडों के 202 गांव के नाम परियोजना कार्यालयों को राशि पुनर्वितरण कर दिया और बगैर कार्ययोजना तैयार किए ही जारी राशि का उपयोगिता और पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया। परियोजना अधिकारियों ने सोन पापड़ी, मूंगफली के नाम पर पैसे निकाले तो वहीं बजाग़ और डिंडौरी परियोजना कार्यालय में योजना से जुड़े कोई दस्तावेज ही नहीं मिले। डिंडौरी परियोजना अधिकारी गिरीश बिल्लौरे को 34 गांव 270000 रु, उदयवती तेकाम शहपुरा को 19 गांव 95000 हजार रुपए, मेहनद्वानी उदयवती तेकाम को 37 गांव हेतु 185000, अमरपुर त्रिलोक सिंह भवेदी को38 गांव हेतु 190000 रु, समनापुर खिल्ली नेति को 28 गांव हेतु 410000 रु, करंजिया नीतू तिलगाम को 23 गांव हेतु 230000, रु, बजाग मनमोहन कुशराम को 23 गांव हेतु 360000 लाख रुपए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डिंडौरी द्वारा दिनांक 04/04/2013 को जारी किया गया था।

## अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डिंडौरी श्रीमती कमला उईके द्वारा परिवाद पर तर्क श्रवण कर दस्तावेजों के अवलोकन किया गया। प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं प्रारंभिक साक्ष्य के अवलोकन से अभियुक्तगण के विरुद्ध प्रथम दृष्टया धारा 420/34 भादवि के तहत संज्ञान लेने जाने हेतु पर्याप्त आधार विद्यमान होने की स्थिति में परिवाद पत्र धारा 420/34 भादवि के तहत पंजीबद्ध किया जाने का आदेश पारित किया गया है। तत्कालीन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कल्पना तिवारी, परियोजना अधिकारी शहपुरा श्रीमती उदयवती तेकाम, तत्कालीन डिंडौरी परियोजना अधिकारी श्री गिरीश बिल्लौरे, तत्कालीन बजाग परियोजना अधिकारी श्री मनमोहन कुशराम, तत्कालीन परियोजना अधिकारी करंजिया श्रीमती नीतू तिलगाम, तत्कालीन परियोजना अधिकारी मेहंदवानी उदयवती तेकाम, तत्कालीन परियोजना अधिकारी समनापुर श्रीमती खिल्ली नेति एवं परियोजना अधिकारी अमरपुर त्रिलोक सिंह भवेदी के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (Code of Criminal Procedure, 1973) 120B, 403, 406, 408, 409, 420, 464, 467, 468, 471, 34,भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डिंडौरी श्रीमती कमला उईके द्वारा अभियुक्तों की उपस्थिति हेतु 29/12/2025 नियत करते हुए उपस्थिति हेतु सूचना पत्र जारी किए गए है।

# बजाग तहसील के ग्राम किरंगी में हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**डिंडौरी।** माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक 24431/2025 में पारित आदेश दिनांक 27 जून 2025 के अनुपालन में शुक्रवार को प्रशासन द्वारा ग्राम किरंगी , जनपद करंजिया में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार आवेदक रधुराज बंजारा पिता सुक्खू बंजारा द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से पक्का निर्माण कर दुकान बनाई गई थी। पूर्व में नायब तहसीलदार करंजिया द्वारा रा.प्र.क्र. 0034 दिनांक 15 मई 2025 के अंतर्गत बेदखली की कार्यवाही की गई थी, जिसके विरुद्ध अतिक्रमणकर्ता ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।माननीय न्यायालय ने याचिका को खारिज करते हुए अवैध अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजाग श्री रामबाबू देवांगन के निर्देशन में आज कार्रवाई की गई। कार्रवाई में नायब तहसीलदार करंजिया शैलेश गौड़, थाना प्रभारी करंजिया नरेंद्र पाल, थाना प्रभारी समनापुर हरिशंकर तिवारी, पटवारी संतोष झारिया, विकास श्रीवास, गनपतिया मरावी, शैलेन्द्र सिंह मार्को, नंदकुमार परस्ते, रितेश कुलश, नीलेश गुप्ता, अक्षय रावत, सुशील वर्मा एवं हल्का पटवारी रवि सिसोदिया सहित राजस्व अमला एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।कार्रवाई के दौरान ग्राम किरंगी स्थित शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.80 लाख रुपये है। प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई माननीय न्यायालय के आदेशों के पालन एवं अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध सख्त रुख के तहत की गई।



# देव उठनी एकादशी पर शहपुरा में दो दिवसीय ऐतिहासिक मड़ई का शुभारंभ

शहपुरा

धार्मिक आस्था और लोक परंपराओं के संगम का प्रतीक शहपुरा की ऐतिहासिक मड़ई इस वर्ष भी देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। नगर में दो दिवसीय मड़ई उत्सव की तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं और शनिवार से इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ होगा।हर वर्ष की तरह इस बार भी परंपरागत 'चंडी ब्याह' की रस्म धूमधाम से निभाई जाएगी। स्थानीय पुजारी मंडल एवं ग्रामजन इस पारंपरिक आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ लोक संगीत, नृत्य, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय बनेगा। मड़ई में इस बार दूर-दराज के सैकड़ों व्यापारी और विक्रेता पहुँच चुके हैं। गन्ना, सिंघाड़ा, मूंगफली, मिठाई, खिलौने, और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की सजी दुकानों ने मेले का रंग और बढ़ा दिया है। नगर के मुख्य मैदान में बड़े-बड़े झूले, ब्रेक डांस, सर्कस, और बच्चों के मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं, जिनसे मेला परिसर बच्चों और युवाओं की भीड़ से गूंज उठा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि शहपुरा की मड़ई न सिर्फ धार्मिक, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होती है। यह अवसर ग्रामीणों के लिए मिलन, व्यापार और आनंद का पर्व बन जाता है। नगर परिषद एवं प्रशासन ने मेला स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। पुलिस बल की तैनाती पुलिस विभाग की टीमें भी मौजूद रहेंगी।पहले दिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मड़ई पूजन और दीप प्रज्वलन किया जाएगा। शाम को स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति संगीत और लोकनृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। दूसरे दिन चंडी ब्याह की रस्म और समापन कार्यक्रम आयोजित होगा। देव उठनी एकादशी पर आयोजित यह मड़ई न केवल शहपुरा नगर की पहचान बन चुकी है, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए आस्था, परंपरा और उल्लास का प्रतीक बन गई है।



# सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि के साथ प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**डिंडौरी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा डिंडोरी की जिला स्तरीय बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता वयोवृद्ध पेंशनर श्रीमती भागवती पाठक ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त तहसीलदार श्री राय सिंह कुशराम तथा नवागत सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंदराम, श्रीमती अंजना तेकाम, श्री मानकेशवर सिंह एवं श्री चेतन सिंह नागेश उपस्थित रहे।विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवा-निवृत्त प्रोफेसर श्री मोहन सिंह मार्को, वरिष्ठ सलाहकार मथुरा प्रसाद धुर्वे, प्रीतम प्रसाद शुक्ला तथा महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय प्रतिनिधि श्रीमती सी. बी. उरैती उपस्थित रहीं। बैठक का शुभारंभ मां नर्मदा की पूजन से हुआ। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत तिलक-वंदन कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष श्री राम गोपाल तिवारी तथा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवारियां मरावी ने बताया कि बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, जिला महामंत्री राममूरत सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित, सह-कोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रभात सोनी, श्यामलाल साहू, तथा महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रीमती उदयवती धुर्वे तेकाम, महामंत्री श्रीमती संतोष उयके एवं प्रवक्ता श्रीमती ऊषा चौकसे उपस्थित रहीं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पेंशनर्स माह नवंबर में अपने जीवित प्रमाण पत्र जमा करें तथा अस्वस्थ और वयोवृद्ध साथियों की जानकारी संबंधित बैंकों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विकासखंड समनापुर के ब्लॉक अध्यक्ष केदार प्रसाद पांडेय एवं अमरपुर ब्लॉक अध्यक्ष भजनलाल कुंजाम के प्रस्ताव पर आगामी 17 दिसंबर को किकरइझर घाट में पेंशन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल (डिंडोरी), अर्जुन सिंह नायक (बजाग), ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर सहित पंडित हीरालाल दुबे, रामचरण सेन, प्रेमलाल झरिया, कुंवर सिंह ठाकुर, सीताराम पांडेय, उमेशधर बडगैया, सीताराम श्रीवास्तव, बी.एल. यादव सहित सैकड़ों पेंशनर्स उपस्थित रहे।मौसम प्रतिकूल होने के बावजूद सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन किया तथा संगठन की पूर्व महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष स्वर्गीय श्रीमती शशि वनवासी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ग्राम टिकरिया में बाल विवाह जागरूकता रैली का आयोजन

**शहपुरा** - महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत ग्राम टिकरिया में बाल विवाह जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।अभियान का उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और ग्रामीणों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना रहा। रैली में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। ग्राम टिकरिया में आयोजित इस रैली में पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शोभा झारिया, आंगनवाड़ी सहायिका सुनीता झारिया, स्कूली बच्चे, शिक्षकगण तथा ग्राम की महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। प्रतिभागियों ने नारे लगाते हुए लोगों से बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान सभी ने शपथ ली कि वे अपने गांव में किसी भी प्रकार का बाल विवाह नहीं होने देंगे और समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे।



# बेमौसम बारिश से फसलों पर संकट, लगातार पानी से गिरी फसलें

**शहपुरा** - इस समय क्षेत्र में लगातार हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले कई दिनों से रुक-रुककर हो रही वर्षा और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी धान की फसलें गिर गई हैं। खेतों में पानी भरे रहने से अब इल्ली और अन्य कीटों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है।किसानों का कहना है कि गिरी हुई फसलें सड़ने की स्थिति में पहुंच चुकी हैं। इल्ली और कीट धान की बालियों को काट-काटकर नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे उत्पादन पर भारी असर पड़ने की आशंका है।वहीं लगातार भीग रही फसल में हल्दीगाठी रोग (ब्लास्ट) फैलने लगा है, जिससे पौधे झुलसने और सूखने लगे हैं। किसानों के मुताबिक, बारिश के चलते कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी बेअसर हो रहा है, क्योंकि दवा खेतों से बह जाती है।किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस समय हो रही बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे किया जाए और प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए।



# करौदी गांव के पास बड़ा हादसा टला, 40 यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर फिसली, सड़क किनारे धंसा पहिया

**शहपुरा** - जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब डिंडोरी से जबलपुर जा रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित हो गई। हादसा शहपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत करौदी गांव के पास हुआ। बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिन्हें हादसे के बाद भय और दहशत का माहौल झेलना पड़ा। जानकारी के अनुसार बस सामान्य रफ्तार में हाईवे से गुजर रही थी, तभी अचानक सड़क किनारे बने नल-जल योजना के अधूरे गड्ढे में बस का पहिया धँस गया। पहिया धँसने से बस का संतुलन बिगड़ गया और बस सड़क किनारे झुक गई। चालक की सूझबूझ और यात्रियों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा गंभीर जनहानि हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि नल-जल योजना के ठेकेदारों द्वारा सड़क किनारे की खुदाई पूरी करने के बाद मिट्टी को समतल नहीं किया गया, जिससे किनारों पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। यही लापरवाही इस हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही शहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बस में सवार यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। सभी यात्रियों को सुरक्षित दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर रवाना किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदारों की इस तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों।गनीमत यह रही कि बस पलटी नहीं, अन्यथा यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया जारी है।



# गाड़ासरई में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान आयोजित



**डिंडौरी।** कलेक्टर सुश्री अंजू पवन भदौरिया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंह सिंगौर के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विकासखंड बजाग अंतर्गत ग्राम गाड़ासरई में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत रैली, शपथ ग्रहण समारोह एवं दीवार लेखन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामवासियों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई गई।इस दौरान लोगों को बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुप्रथा है, जिसके कारण बालक और बालिका दोनों को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि शासन द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बालक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा बालिका की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है।कम आयु में विवाह को अवैध माना गया है और बाल विवाह करवाने या उसमें भाग लेने वाले व्यक्ति को दो वर्ष तक का कारावास या 1,00,000 तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले तो उसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर तत्काल दी जा सकती है।यह कार्यक्रम बाल विवाह रोकें उज्ज्वल भविष्य संवारें थीम पर आधारित था।कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गाड़ासरई के स्वास्थ्य केंद्र स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया, जिसमें समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।रैली, शपथ ग्रहण और नारे लेखन के माध्यम से बाल विवाह उन्मूलन का सशक्त संदेश पूरे ग्राम में प्रसारित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामवासियों ने यह संकल्प लिया कि वे न तो बाल विवाह करेंगे और न ही अपने आस-पास किसी भी बाल विवाह को होने देंगे।

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, दो अधिकारियों पर निलंबन की कार्यवाही के निर्देश

## कलेक्टर ने ली उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की समीक्षा बैठक

**डिंडौरी ।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की कलेक्ट्रेट सभागाकक्ष में समीक्षा बैठक ली जिसमें उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित शासकीय योजना फल पौध रोपण, पीएम कृषि सिंचाई योजना पोंरटेबल स्प्रिकलर, सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना ड्रिप, मसाला क्षेत्र विस्तार योजना, जैविक खेती, पुष्प क्षेत्र विस्तार योजना, बागवानी यंत्रीकरण, पीएम कृषि सिंचाई योजना माईक्रो स्प्रिंकलर, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, उच्च मूल्य वाले सब्जी फसलों की खेती वन पटटाधारी कृषकों के लिए, संरक्षित खेती आदि योजनाओं की कार्यप्रगति की समीक्षा की। एवं जिन कर्मचारियों के द्वारा कार्य में लापरवाही की गई एवं वर्ष 2025-26 में लक्ष्य की तुलना में भौतिक प्रगति कम होने पर अनूप सिंह धुर्वे ग्रामिण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी डिंडौरी, पुरूषोत्तम उइके, कन्हैयालाल पटले विकासखंड अमरपुर, सीएल नागेश, गोहिया विकासखंड समनापुर, श्रीमती मौसम मरकाम विकासखंड शहपुरा, मनोहर लाल हेडाउ, श्री विवेक कुमार मिश्रा विकासखंड मेंहदवानी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार कुलदीप सिंह मरावी ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी बजाग एवं हरप्रसाद अहिरवार ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी करंजिया के द्वारा जिला स्तर पर आयोजित समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने एवं विभागीय गतिविधियों में लक्ष्य की तुलना में प्रगति शून्य होना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी एवं कलेक्टर की विभागीय समीक्षा बैठको में आय दिन अनुपस्थित रहने और अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने उद्यानिकी अधिकारी को निलंबन की फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के स्वरोजगार संबंधी प्रकरण बैंको में प्रस्तुत किए गए जहां पर बैंक के द्वारा स्वीकृत कर दिए गए परंतु लंबे समय अंतराल तक बैंक द्वारा हितग्राही को राशि भुगतान नहीं कि गई और योजना से संबंधी मशीनरी उपकरण नही दिए गए जिस पर संबंधित बैंकर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, उद्यानिकी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस महिला मोर्चा की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को जिला महिला कांग्रेस की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस महासचिव लक्ष्मी बाघाड़े, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में श्रीमती बाघाड़े ने कहा कि महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की जरूरत है सक्रीय महिलाओं को संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी। श्रीमती बाघाड़े ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के हितों के लिए कार्य किया है। नरसिंहपुर जिले से लेकर पूरे देश में महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई हैं। आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की कुनीतियों के कारण महिलाओं पर अत्याचार और प्रताड़ना की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि संगठन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने जिला महिला कांग्रेस संगठन की जानकारी दी। इस मौके पर कुसुम साहू, विमला ठाकुर, विद्या परिहार, सुचिता शर्मा, कविता वर्मा, सुधा विश्वकर्मा, श्रद्धा कौरव, सविता सेन आदि मौजूद रहीं। अंत में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर उनका स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन नहीं कर पा रहा कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा लोगों की सुविधा के लिए योजनाएं बनाकर निर्माण कार्य कराये जाते है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों को बेहतर सुविधाएं नही पाती है। ऐसा ही मामला नेशनल हाइवे 44 पर अतिक्रमण कर व्यावसायिक उपयोग कर कोलाहल किया जा रहा है। हाईवे की जगह पर अतिक्रमण कर व्यवसाय संचालित करने के मामले में प्रशासन द्वारा पूर्व मे कार्रवाई की गई थी लेकिन उक्त अतिक्रमणकारी द्वारा पुनः हाइवे की जगह पर कब्जा कर लिया गया। जिसे लेकर शिकायतकर्ता द्वारा पीजी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी जिस पर नेशनल हाइवे प्रबंधक द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने की बात कही गई है लेकिन प्रशासन द्वारा पत्र दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नही किया। जबकि प्रशासन को चाहिए की अतिक्रमणकारी पर ठोस कार्रवाई कर नेशनल हाइवे की जगह को खाली कराया जाए। शिकयकर्ता रीतेश नेमा द्वारा बताया गया कि प्रशासन को शिकायत के बाद भी कार्रवाई नही की जा रही है।




# एकता एवं अखंडता के प्रेरणास्त्रोत थे लौह पुरुष : मंत्री श्री पटेल



### सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुए विविध आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारत की एकता एवं अखंडता के प्रेरणास्त्रोत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जिलेभर में श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में एकता एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया करेली में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल पर किया गया। जहां कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, प्रांत समरसता प्रमुख राकेश उदेनिया, जिला संघ चालक आदित्य मोहन पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, नगरवासियों और युवाओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 से अधिक रियासतों का विलय कर स्वतंत्र भारत को एक धागे में पिरोने का अद्भुत कार्य किया। उनके दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति के कारण ही आज भारत एक सशक्त एवं एकजुट राष्ट्र के रूप में विश्व में पहचान बनाए हुए है। उन्होंने उपस्थित समस्त नागरिकों से आग्रह किया कि सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में उतारकर समाज एवं देश की प्रगति में योगदान दें। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी इसके पूर्व मंत्री श्री पटेल ने नरसिंहपुर में रन फॉर यूनिटी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं,

### मंत्री श्री पटेल ने मैराथन को दिखाई हरी झंडी

विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और जनजागरण का संदेश देते हुए शहर के प्रमुख मार्गों का पर भ्रमण किया जिले के अन्य क्षेत्रों में भी दिनभर प्रभात फेरी, गोष्ठी, परिचर्चा, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को सरदार पटेल के विचारों से अवगत कराया गया तथा उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। उपस्थित नागरिकों ने संकल्प लिया कि राष्ट्र की उन्नति और एकता के लिए सदैव सकारात्मक और सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मजयंती और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत अंगीकार अभियान 2025 का समापन अवसर पर पीएम आवास मेला शहरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नगर पालिका अजीत जाट, पार्षदगण, सीएमओ नरसिंहपुर नीलम चैहान, अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। अध्यक्ष नगर पालिका नरसिंहपुर नीरज दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और किसानों के सशक्तिकरण के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देशी





रियासतों का एकीकरण कर देश की एकता अखंडता को सुदृढ़ बनाया। उन्होंने जिस न्याय प्रधान और एकता के सूत्र में बधें राष्ट्र का निर्माण किया उसकी रक्षा करना हर एक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

### मैराथन में विवेक साहू प्रथम

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर स्टेडियम ग्राउंड में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया यह दौड़ स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ होकर गांधी चैराहा होते हुए एमएलबी स्कूल से सुभाष पार्क और फिर बीएसएनल ऑफिस के सामने से वापस स्टेडियम मैदान में सम्पन्न हुई जिसमे प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से हर्षित चैरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं विवेक साहू ने प्रथम स्थान, विवेक मेहरा ने द्वितीय स्थान एवं मनीषा राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं यशिका सोनी शालिनी चढ़ार, जय नामदेव, पिंकी मेहरा एवं अन्य स्वयंसेवकों के द्वारा इस दौड़ में सहभागिता की गई। दौड़ के पश्चात महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर. बी. सिंह के निर्देशन में शपथ ग्रहण एवं परेड कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई से डॉ रानी कुमारी एवं छात्र इकाई से डॉ अमित ताम्रकार उपस्थित रहे तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही एवं रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा परेड की गई।

# पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने की जनसुनवाई



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं नरसिंहपुर जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 190 आवेदनों की प्राप्त हुए। जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम नेमा सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।

### डॉ सोनी संगम अकादमी द्वारा सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष के पद पर पदस्थ साहित्यकार समाजसेवी डॉ गनेश कुमार सोनी को संगम अकादमी पब्लिकेशन कोटा राजस्थान द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आप रामायण केंद्र भोपाल की नरसिंहपुर जिला इकाई के संयोजक के रूप में कार्य कर रहे। विदित हो कि उन्हें साहित्य समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न सम्मान प्राप्त हो चुके साथ ही उनकी काव्य कृति के अलावा कई सांझा काव्य संग्रह, विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में रचनाएं प्रकाशित हो चुकी है।

### सेवानिवृत्ति पर श्री मिश्रा को दी विदाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस वन परिक्षेत्र करेली में उप वन क्षेत्रपाल ज्ञानचंद्र मिश्रा की सेवानिवृत्ति भावपूर्ण विदाई दी गई। विभाग के कर्मचारियों ने श्री मिश्रा को उनकी लंबी और समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानपूर्वक विदाई दी। उक्त असवर पर विभागीय कर्मचारियों ने श्री मिश्रा को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। अधिकारियों द्वारा उनकी कार्यशैली की प्रसंशा करते हुए उन्हे सुखद जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई।

# कल्चुरी कलार समाज में चेहरा देखकर मिली सम्मान की चमक

### भाजपा से बागी हुए कल्चुरी कलार समाज के पूर्व जनप्रतिनिधियों के सम्मान में पहुंचाई गई ठेस



**गोटेगांव।** समूचे देश से समाज की नारी शक्ति को सम्मान के लिए बुलाया गया वही क्षेत्रीय गोटेगांव की पूर्व महिला जनप्रतिनिधियो के सम्मान में किया गया राजनैतिक भेदभाव न मंच में कोई स्थान न कोई सामाजिक सम्मान अन्य समाज की राजनीतिक महिला शक्तियों को सम्मान देकर समाज की राजनीतिक महिला शक्तियों के सम्मान में पहुंचाई चोट आखिर किसके इशारे पर तय हुए ऐसे मापदंड की एक को सम्मान तो दूजे का अपमान कल्चुरी कलार समाज के नगर अध्यक्ष ब जिला अध्यक्ष करें गलती स्वीकार समाज की वरिष्ठ महिला ब पूर्व महिला जनप्रतिनिधियों से मांगे माफी कल्चुरी कलार समाज गोटेगांव द्वारा राष्ट्रीय स्तर का सामाजिक आयोजन 31 अक्टूबर को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में संपन्न हुआ जिसमें पूरे देश की कलार समाज की नारी शक्ति को आमंत्रित किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य राजनैतिक क्षेत्र में मौजूद महिला शक्ति का सम्मान कर भविष्य की राजनीति के लिए उत्साहवर्धन करना जिसमें समूचे देश की राजनीति में शामिल कल्चुरी कलार समाज की नारी शक्ति सम्मिलित हुई पूरे देश की महिला शक्ति को सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया और वहीं समाज की वरिष्ठ नागरिक पूर्व महिला जनप्रतिनिधियो का अपमान किया गया इस भेदभाव पूर्व रवैया से समाज की पूर्व महिला जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिकों में काफी नाराजगी देखी गई समाज की वरिष्ठ महिला जनप्रतिनिधियों का कहना था कि इस कार्यक्रम में राजनैतिक भेदभाव कर वरिष्ठ नागरिकों ब पूर्व महिला जनप्रतिनिधियो के सम्मान में ठेस पहुंचाई गई हैं यदि समाज में सम्मान एक समान नहीं हैं तो ऐसे सम्मान का कोई अर्थ नहीं रह जाता समाज महज राजनैतिक कठपुतलियों के इशारे पर नृत्य करता दिखाई देता हैं समाज के की वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को सम्मान न देकर नवागत जनप्रतिधियों को ब अन्य समाज के तत्कालीन ब पूर्व जनप्रतिनिधियों को मंच में स्थान दिया गया तो वही जो सम्मान के वास्तविक हकदार थे उन्हें राजनैतिक भेदभाव की दृष्टि चेहरा देखकर न मंच में स्थान दिया गया न कि उन्हें किसी भी सम्मान से सम्मानित किया गया समाज के स्वागत के इस क्रम ने इस बात को तय कर दिया कि कल्चुरी कलार समाज गोटेगांव में तत्कालीन या पूर्व जनप्रतिनिधियों को या वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान पाना हैं तो भारतीय जनता पार्टी की पहले सदस्यता लेना होगा उसके बाद ही आप सम्मान के असली हकदार होंगे।

# न्यायोत्सव विविध कार्यक्रमों का आयोजन 9 से



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर अखिलेश शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विविध कार्यक्रमो, मैराथन व विभिन्न अन्य प्रतियोगिताओ के आयोजन हेतु विभिन्न विभागो, कालेजो एवं स्कूलो के विभाग प्रमुख, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पैनल लॉयर एवं पीएलव्ही के साथ सचिव दिनेश मीणा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा विचार-विमर्श किया जाकर कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा निर्धारित की गई। उक्त बैठक में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विष्णु श्रीवास्तव, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल्स सुधीर दुबे, प्रमोद काछी, संजीव सोनी, जगदीष पटैल, पैनल लॉयर राजकुमार प्रजापति, कृष्णकांत साहू, पी.जी. कॉलेज से डॉ. चेतना उपाध्याय, शा. उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य जी. एस. पटैल, एम आई एम टी कॉलेज से चंद्रप्रकाश गुप्ता, शिक्षा विभाग से बी. एस. पाठक, ललित किशोर कौरव, एमएलबी स्कूल से श्रीमती संगीता श्रीवास्तव, रविशंकर ठाकुर के साथ ही पीएलव्ही उपस्थित रहे।

# मनाई गई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं सरदार पटेल का जन्म दिन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम बिलथारी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा द्वारा स्व.इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं सरदार बल्लभ पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक मा.संजय शर्मा ने सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका बताई।इस मौके पर उपस्थित अनेक वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। बड़ी संख्या उपस्थित कार्यकर्ताओं में लक्ष्मीकांत बुधौलिया ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल मंडलम अध्यक्ष राजकुमार तिवारी सूर्यकांत दिवगैया सेक्टर अध्यक्ष देवेंद्र पटेल पंकज सिंह अशोक पटेल भूपत सिंह पटैल यशवंत आचार्य संतोष पटेल शिवकुमार पटेल शरद पटेल देवी सिंह ठेकेदार तुलाराम माल कोदुलाल पटैल गोपाल सिंह अरुण पटैल शुभम ठेकेदार अजय पटैल रामसेवक पटवारी दिनेश नौरिया BLA,उमेश रजक लिखीराम पटैल प्रमुख रुप से उपस्थित थे । सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देव प्रबोधिनी एकादशी आज, होंगे विविध आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी देवशयनी ग्यारस से प्रारंभ चार माह के विष्णु शयन और चातुर्मास व्रत की समाप्ति के साथ आज देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा।अक्षय नवमी से प्रारंभ विष्णु त्रिरात्रि व्रत का भी आज समापन हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रमोद पचौरी ने बताया कि पूरे वर्ष की 24 एकादशी में इस देवउठनी एकादशी का बड़ा महत्व है। इस दिन अखिल विश्व के पालन कर्ता भगवान विष्णु का पूजन अर्चन करके योग निद्रा से भगवान को जगाया जाता है ।भगवान के जागरण के साथ यह हमारे भीतर के देवत्व को जगाने का पर्व है। इसे हरि प्रबोधिनी विष्णु प्रबोधिनी देवोत्थान एकादशी कहते हैं। प्रत्येक सनातनी को इस दिन व्रत रखना चाहिए। देवशयन के बाद विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर लगा विराम भी समाप्त हो जाता है इस देवउठनी एकादशी से सभी विवाह आदि मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।

*आज नगर में होंगे तुलसी विवाह* नगर के मंदिरों में आज तुलसी विवाह संपन्न होंगे जिसे लेकर आंवला नवमी तिथि से ही विविध आयोजन शुरू हो गये बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं मंदिरों में पहुंचकर हल्दी से लेकर सभी कार्यक्रम संपन्न करा रहीं हैं।आज नगर के मुख्य मार्गों से शालिग राम जी की बारात निकाली जायेगी तथा रात्रि में पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराये जायेंगे।

### आज जगह जगह होगे मढ़ई मेले

एकादशी के अवसर पर आज नगर के प्रतिष्ठित सिद्ध शक्ति पीठ हरसिद्धि मंदिर परिसर में मढ़ई मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में खेल खिलौनों मिठाई की दुकानें लगेंगी झूलों में बच्चे आनन्द लुत्फ उठायेंगे।

### 21 नवंबर से होंगे विवाह के मुहूर्त

कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वादशी रविवार 2 नवंबर को पारंपरिक तुलसी विवाह का उत्सव मनाया जाएगा। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक ज्योतिष शिरोमणि ज्योतिष निधि ज्योतिष भूषण सम्मान प्राप्त आचार्य प्रमोद पचौरी के अनुसार 16 नवंबर तक तुला की संक्रांति रहेगी।जिसमें विवाह कार्य नहीं होते हैं।इसके बाद वृश्चिक की संक्रांति में मार्गशीर्ष (अगहन )शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 21 नवंबर से विवाह प्रारंभ हो जाएंगे। विवाह कार्यों के लिए अनुकूल नवंबर दिसंबर में इस वर्ष केवल 11 विवाह मुहूर्त हैं। शुक्रास्त दोष के कारण विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मै दिनेश मीणा पिता रामप्रसाद मीणा निवासी द्वारा-सजल नेमा, दीवानचंद टाल के पीछे, राजीव वार्ड कंदेली, थाना कोतवाली नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर म. प्र. पिन नं. 487001 का निवासी हूँ। यह कि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम दिनेश मीणा दर्ज है एवं दसवी की अंकसूची में मेरा नाम दिनेश कुमार मीणा लिखा हुआ है। मुझे दिनेश मीणा के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाता है। इसलिये मुझे दिनेश मीणा के नाम से ही जाना पहचाना और पढा लिखा जावे। पासपोर्ट में कार्यवाही हेतु प्रकाशन प्रस्तुत है।

**दिनेश मीणा (सचिव)**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**